संख्या– 64/2021/1282/छप्पन-2021-31/2016

प्रेषक,

सुरेन्द्र कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 08 जुलाई, 2021

विषय: नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर हेतु 1334 है0 भूमि को Noida International Airport Limited (NIAL) को लीज पर दिए जाने हेतु स्टाम्प शुल्क/निबन्धन शुल्क के भुगतान हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-121/ए.एफ.-2021-116/2016 दिनांक 30 जून, 2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नागरिक उड्डयन विभाग के नाम दर्ज 1334 है0 भूमि Joint Venture Company नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (NIAL) को लीज पर दिए जाने हेतु स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन शुल्क की कुल धनराशि रू0 96,04,80,000/- (रूपए छियानवे करोड़ चार लाख अस्सी हजार मात्र) में से राज्य सरकार की अंशधारिता 37.50 प्रतिशत के अनुसार धनराशि रू0 36,01,80,000/- (रूपए छत्तीस करोड़ एक लाख अस्सी हजार मात्र) का भुगतान मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (NIAL), गौतमबुद्धनगर को किए जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने तथा वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त बजट एलाटमेन्ट सिस्टम के माध्यम से बजट आवंटित करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावानुसार नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर हेतु नागरिक उड्डयन विभाग के नाम दर्ज 1334 है0 भूमि को Joint Venture Company Noida International Airport Limited (NIAL) को लीज पर दिए जाने हेतु स्टाम्प शुल्क (रू0 84,04,20,000/-) एवं निबन्धन शुल्क (रू0 12,00,60,000/-) अर्थात् कुल धनराशि रू0 96,04,80,000/- (रूपए छियानवे करोड़ चार लाख अस्सी हजार मात्र) में से राज्य सरकार की अंशधारिता 37.50 प्रतिशत के अनुसार धनराशि रू0 36,01,80,000/- (रूपए छत्तीस करोड़ एक लाख अस्सी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2021-2022 में व्यय की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करती हैं:-

(1) स्वीकृत धनराशि व्यय किए जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2021 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

(2) निदेशक, नागरिक उड्डयन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(3) उक्त स्वीकृति धनराशि के आहरण एवं व्यय से सम्बन्धित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/ आदेशों/प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

(4) धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा।

(5) आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

(6) स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

(7) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्त्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गई है।

(8) परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। अत: इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212(vi) में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(9) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।

(10) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय का विवरण निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 36,01,80,000/- (रूपए छत्तीस करोड़ एक लाख अस्सी हजार मात्र) को तत्काल आवंटित कर जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के निर्वतन पर रखी जायेगी। जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा उक्त धनराशि का भुगतान मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (NIAL), गौतमबुद्धनगर को नियमानुसार किया जाएगा।

4- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-38 पूँजी लेखा-लेखाशीर्ष "5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-02-विमानपत्तन-800–अन्य व्यय-21-जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना-60-भूमि क्रय" से वहन किया जाएगा।

3/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22 मार्च, 2021 में उल्लिखित प्रावधानों के अन्तर्गत निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव

संख्या- 64/2021/1282(1)/छप्पन-2021 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10

3- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (NIAL), गौतमबुद्धनगर।

4- जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

5- कलैक्टर/अपर जिलाधिकारी(भू0अ0), गौतमगुद्धनगर।

6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

7- विशेष कार्याधिकारी (श्री शैलेन्द्र कुमार भाटिया), नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लि0/नोडल अधिकारी, जेवर एयरपोर्ट, गौतमबुद्धनगर।

8- निजी सचिव, मा0 नागरिक उड्डयन मंत्री, उत्तर प्रदेश।

9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-1/ स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2.

10- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।